तापमान
अधिकतम 32 .9 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

10 जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अच्छीः डीसी

12 आठ साल बाद बदलेगी दिल्ली बाईपास फ्लाईओवर ..


# मौसम ने ली करवट, कई जगह बूंदाबांदी की संभावना, गिरेगा पारा

16 तक बदलाव, 17 मार्च को एक और पश्चिमी विक्षोभ देगा दस्तक
- सुबह-शाम ठंडक और दिन में गर्मी का असर बना रहेगा
- दिन के समय बादल छाए रहने से गर्मी से राहत मिल सकती है।

## दिन का तापमान दो डिग्री सेल्सियस गिरा, 33.6 डिग्री पर आया, न्यूनतम पारे में भी 1 डिग्री सेल्सियस की आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से पहले ही शुक्रवार को रोहतक में मौसम बदल गया। जिसकी वजह से दिन के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस गिरावट होकर ये 33.6 डिग्री दर्ज किया गया। बावजूद इसके अभी रोहतक का तापमान सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम पारा में भी 1 डिग्री सेल्सियस की कमी हुई



है। ये 18.8 डिग्री रहा। ये सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक है।

### क्या कहता है मौसम विभाग

मौसम विभाग के अनुसार 16 मार्च तक जिले में मौसम में इसी तरह का उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इस दौरान बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी की भी संभावना जताई जा रही है। हालांकि 17 और 18 मार्च को मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जिससे दिन के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक नहीं रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक 17 मार्च की रात से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है।

### सावधानी बरतें लोग

पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिर से बादल छाने और मौसम में बदलाव की स्थिति बन सकती है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ का कहना है कि लगातार बदलते मौसम के कारण सुबह-शाम ठंडक और दिन में हल्की गर्मी का असर बना रह सकता है। इन्होंने किसानों और आम लोगों को मौसम के ताजा अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी गई है। लोग सावधानी बरतें।

### तेज बारिश फसलों के लिए खतरा

तेज बारिश और हवा से गेहूं की बालियां झुक या गिर सकती हैं। इससे कटाई मुश्किल हो जाती है और उत्पादन घट जाता है। अगर बालियों में पानी ज्यादा देर तक रहता है तो दाने काले पड़ सकते हैं या अंकुरित होने लगते हैं, जिससे मंडी में रेट कम मिलता है। इतना ही नहीं बारिश के बाद नमी बढ़ने से करनाल बंट, ब्लैक पॉइंट या फफूंदी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। क्षेत्र में आमतौर पर मार्च के आखिर से अप्रैल की शुरुआत में सूखा मौसम ही गेहूं की अच्छी पकाई और कटाई के लिए सबसे अच्छा माना जाता है।



## तिलियार झील के सामने हादसा, ड्राइवर-हेल्पर कूदकर भागे

# बम बना सीएनजी टैंक फूंक डाला फर्नीचर शोरूम

» धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग घबरा कर बाहर निकल आए

» प्रारंभिक जांच में सीएनजी टैंक के फटने को हादसे का कारण माना जा रहा

» फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियों ने पाया काबू, शोरूम का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में तिलियार झील के सामने शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया, जब सड़क से गुजर रहे डंपर का टायर फटने के बाद उसमें लगे सीएनजी टैंक और डीजल टंकी में धमाका हो गया। धमाके के साथ ही ट्रक में भीषण आग लग गई और सीएनजी का टैंक साथ लगते फर्नीचर के शोरूम में जा गिरा। इसके बाद उसमें धमाका हो गया और फर्नीचर शोरूम आग लग गई। शोरूम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के समय शोरूम के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर और हेल्पर तुरंत कूदकर मौके से भाग गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और 7 गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



(एआई जनरेटेड फोटो)

### फायर ब्रिगेड की कार्रवाई पर सवाल

घटनास्थल पर मौजूद यशपाल देशवाल ने बताया कि इलाके की एक महिला सुबह घूमने के लिए आई थी, जिसने सबसे पहले डंपर में आग लगने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन टीम दूर से ही पानी मारकर आग बुझाने का प्रयास करती रही। यशपाल देशवाल के अनुसार अगर फायर ब्रिगेड शोरूम की तरफ से या डंपर के आगे से आग बुझाने का प्रयास करती तो शायद शोरूम को इतना नुकसान नहीं होता। अगर समय पर मुस्तैदी दिखाई जाती तो आग को फैलने से रोका जा सकता था।

### लाखों का नुकसान : शोरूम मालिक

शोरूम के मालिक नरेंद्र मलिक ने बताया कि दो साल पहले तिलियार झील के सामने सोलर, प्लाइवुड और सेनेटरी का शोरूम बनाया था। एक डंपर में हुए सीएनजी टैंक के धमाके से शोरूम में आग लग गई है। वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग काफी फैल चुकी थी और शोरूम के अंदर रखा अधिकतर सामान जल चुका था। शोरूम में लाखों रुपये का सामान रखा हुआ था, जो आग में जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। आरोप लगाया कि अगर फायर ब्रिगेड समय पर पहुंचकर सही तरीके से आग बुझाने का प्रयास करती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था।

### टायर फटने से हुए जोरदार धमाके

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक डंपर तिलियार झील के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रक का टायर जोरदार धमाके के साथ फट गया। टायर फटने के बाद डंपर का संतुलन बिगड़ गया और उसमें लगे सीएनजी टैंक व डीजल टंकी में भी धमाका हो गया। धमाके के तुरंत बाद डंपर में आग लग गई और आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। देखते ही देखते आग ने पास में स्थित फर्नीचर के शोरूम को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में शोरूम के अंदर रखा फर्नीचर, प्लाइवुड और अन्य सामान जलने लगा।

### गाड़ी से नहीं कूदते तो जा सकती थी जान

हादसे के समय डंपर में मौजूद ड्राइवर और हेल्पर ने जैसे ही आग की लपटें उठती देखीं, उन्होंने तुरंत ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। दोनों मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार अगर ड्राइवर समय रहते ट्रक से नहीं कूदता तो उसकी जान भी जा सकती थी। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरा डंपर आग की लपटों में घिर गया। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। लोगों का कहना है समय रहते है ड्राइवर और हेल्पर कूद कर भागने में सफल रहे, नहीं तो बड़ी अनहोनी घटना हो सकती थी। लपटे बहुत ऊंची उठ रही थी।



### शोरूम का सामान जलकर राख

आग फैलने के कारण फर्नीचर शोरूम के अंदर रखा सारा सामान भी जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते शोरूम के अंदर रखा महंगा फर्नीचर, प्लाईवुड और अन्य सामान पूरी तरह से जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय पर आग पर काबू पा लिया जाता तो नुकसान कम हो सकता था, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण शोरूम को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### पेट्रोल पंप पास, हो सकता था बड़ा हादसा

जिस स्थान पर ट्रक में आग लगी, उसके सामने पर्यटन विभाग का एक सरकारी पेट्रोल पंप भी स्थित है। आग लगने के बाद लोगों में यह डर भी था कि कहीं आग पेट्रोल पंप तक न पहुंच जाए। अगर आग पेट्रोल पंप तक फैल जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि राहत की बात यह रही कि आग पेट्रोल पंप की ओर नहीं बढ़ी और समय रहते उसे काबू में कर लिया गया।

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

फायर ऑफिसर संजीव डागर ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे उन्हें ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचते ही आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया गया। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कुल 7 गाड़ियों को लगाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह से बुझाया जा सका।



फिर चले लात घूंसे...



रोहतक। जिप उप प्रधान अनिल हुड्डा के साथ कार्यालय में मारपीट का वीडियो वायरल।

» गुरुवार को मीटिंग में पार्षद धीरज मलिक और अनिल हुड्डा के बीच हुई थी जमकर मारपीट

# जिप उप प्रधान अनिल हुड्डा पर कार्यालय में ही हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को दूसरे दिन भी जिला विकास भवन स्थित जिला परिषद कार्यालय में घमासान मचा। जिला परिषद के उप प्रधान अनिल हुड्डा पर उनके कार्यालय में हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने कार्यालय में पहुंचकर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। यह विवाद बीते वीरवार को जिला परिषद की बैठक में हुए झगड़े से जुड़ा बताया जा रहा है।

### कहासुनी मारपीट में बदली

मालूम रहे कि बृहस्पतिवार को बैठक के दौरान पार्षद धीरज मलिक और उप प्रधान अनिल हुड्डा के बीच किसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई थी। बैठक के दौरान ही दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चलने की बात सामने आई थी। बताया जा रहा है कि उसी विवाद की कड़ी में शुक्रवार को कुछ लोग अनिल हुड्डा के कार्यालय पहुंच गए और वहां उनके साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। मामले को लेकर पुलिस को भी सूचना दी गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है और घटना से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है।

### जिप का विवादों से रहा है पुराना नाता

जिला परिषद का विवादों से पुराना नाता रहा है। बैठकों में कई बार हंगामे की स्थिति बन चुकी है। और सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक भी सामने आती रही है। ताजा मामले में उप प्रधान अनिल हुड्डा और पार्षद धीरज मलिक के बीच विवाद ने एक बार फिर परिषद की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, जिला परिषद की बैठकों में विकास कार्यों की बजाय कई बार राजनीतिक खींचतान ज्यादा देखने को मिलती है।

### आरोप-प्रत्यारोप से माहौल हो जाता है गर्म

ग्रांट के बंटवारे, प्रस्तावों को लेकर मतभेद और व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप के चलते माहौल गर्म हो जाता है। इससे पहले भी परिषद की बैठकों में तीखी बहस और हंगामे के मामले सामने आते रहे हैं। जिला का मुख्य उद्देश्य गांवों के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और योजनाओं को आगे बढ़ाना होता है, लेकिन लगातार विवाद होने से इसकी छवि प्रभावित होती है। जिला परिषद की बैठकों में अनुशासन और मर्यादा कैसे कायम रखी जाए।

» आदेश तुरंत लागू, कार्य प्रभावित न हो इसके लिए लिया गया फैसला

# जनगणना से जुड़े अफसरों और कर्मचारियों के तबादलों पर रोक

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

केंद्र सरकार ने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। यह निर्णय जनगणना की तैयारियों और उससे जुड़े कार्यों को सुचारु रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से लिया गया है। आदेश के अनुसार, जनगणना से संबंधित कार्यों में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को फिलहाल उनके वर्तमान पदों से नहीं हटाया जाएगा। जब तक जनगणना से जुड़े प्रमुख कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक इन कर्मियों के तबादले न किए जाएं। जनगणना जैसे बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित और अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। तबादलों से कार्य प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसी कारण केंद्र सरकार ने एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया है। इस फैसले से जनगणना की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में मदद मिलेगी और फील्ड स्तर पर काम कर रहे कर्मचारियों को भी स्थिरता मिलेगी।

### सबसे बड़ा अभियान

जनगणना देश की आबादी, सामाजिक और आर्थिक स्थिति का सबसे बड़ा सरकारी सर्वे होता है। इसके आधार पर ही कई सरकारी योजनाएं और नीतियां तय की जाती हैं। इस कार्य में केंद्र, राज्य और जिला स्तर के हजारों अधिकारी-कर्मचारी शामिल होते हैं। कार्य प्रभावित न हो, इसलिए केंद्र सरकार समय-समय पर प्रशासनिक निर्देश जारी करती है। कोविड-19 महामारी सबसे बड़ा कारण 2020 में जब जनगणना की तैयारियां शुरू हो रही थीं, उसी समय पूरे देश में लॉकडाउन लगा था। जिसकी वजह से घर-घर जाकर सर्वे करना संभव नहीं था। प्रशासनिक और तकनीकी बदलाव के साथ इस बार सरकार जनगणना को डिजिटल तरीके से करा रही है।

### पूछेंगे 33 सवाल

जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी। पहले चरण में मकानों की सूची और आवास संबंधी जानकारी जुटाई जाएगी, जबकि दूसरे चरण में परिवार के सदस्यों से जुड़े सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। इस दौरान कर्मी घर-घर जाकर लोगों से करीब 33 तरह के सवाल पूछेंगे।

चिड़ी गांव में वारदात

## स्कूटी पर जा रहे व्यक्ति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा पीजीआई में भर्ती

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। एक व्यक्ति स्कूटी पर जा रहा था, जिसको घेर लिया गया और वह स्कूटी छोड़कर भागने लगा तो बुरी तरह पीटा। गंभीर हालत में पीड़ित को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी गुरमीत पुत्र राममेहर ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर गांव चिड़ी की तरफ आ रहा था। चांदी में उसने ठेके पर जमीन ली हुई है। वह खेत से लौट रहा था। रास्ते में जब रामभज पुत्र दिलीप के प्लॉट के सामने पहुंचा तो नवीन अपना ट्रैक्टर व मिट्टी की ट्रॉली के साथ वहां पर खड़ा था। इस दौरान उसने ट्रैक्टर उसकी स्कूटी की तरफ मोड़ दिया। इस दौरान उसकी स्कूटी वहीं पर गिर गई और वह वहां से भाग लिया। इसी दौरान नीरज बाइक लेकर आया। नवीन, राजबीर लाठी डंडे लेकर आए और पकड़कर बुरी तरह पीटा। इस संबंध में पुलिस ने नवीन, नीरज, राजबीर, रामभज और चतर सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

- पांच लोगों ने लाठी डंडों से की मारपीट सभी के खिलाफ केस दर्ज

## युवक 9 दिन से लापता, पत्नी ने जताई अनहोनी की आशंका

*10वीं के कई विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे सके*

# बनियानी गांव में होली के दिन हुए खूनी संघर्ष से डरे लोग, दर्जनों परिवार घर छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के बनियानी गांव में होली के दिन हुए खूनी संघर्ष के बाद माहौल अब भी तनावपूर्ण बना हुआ है। घटना के बाद से अनुसूचित जाति समुदाय की बस्ती में दहशत का माहौल है। स्थिति यह है कि करीब दो दर्जन परिवार अपने घरों के बाहर ताला लगाकर कहीं और चले गए हैं। वहीं जो लोग गांव में हैं, वे भी घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि होली के दिन गांव में दो समुदायों के बीच हुए विवाद में विक्रम नाम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया और हालात को देखते हुए पुलिस को भारी बल तैनात करना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, तीन लोगों को शुक्रवार को काबू किया गया है।

घरों पर लटके ताले ...



एकत्रित ग्रामीण...



### बच्चों की पढ़ाई पर भी असर

गांव में फैली दहशत का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ा है। अनुसूचित जाति बस्ती के करीब आधा दर्जन छात्र-छात्राएं हरियाणा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा देने नहीं पहुंच सके। परिजनों का कहना है कि माहौल इतना भय का है कि बच्चे घरों से बाहर निकलने से भी घबरा रहे हैं।

### पति के लापता होने की शिकायत दी

घटना के बाद से ही गांव का एक युवक लापता बताया जा रहा है। युवक की पत्नी ने आशंका जताई है कि उसके पति के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। महिला का कहना है कि पिछले 9 दिनों से उसके पति का कोई सुराग नहीं लगा है और पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई है। लोगों का कहना है कि पुलिस उनकी बात ठीक से नहीं सुन रही है। उनका आरोप है कि पुलिस किसी भी युवक को पकड़कर ले जा रही है, जिससे बस्ती के लोगों में और ज्यादा डर का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में आने-जाने के लिए केवल एक ही मुख्य रास्ता है और उस पर दबंगों का कब्जा है।

### विवाद को लेकर अलग-अलग दावे

ग्रामीणों के अनुसार यह विवाद केवल बाइक हटाने को लेकर नहीं हुआ था, जैसा कि पहले बताया जा रहा था। उनका कहना है कि होली के दौरान मृतक युवक शराब के नशे में एक महिला को गुलाल लगाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान महिला ने उसे धक्का दे दिया, जिसके बाद मामला बढ़ गया और विवाद हिंसक हो गया।

### घबराने की जरूरत नहीं

किसी भी व्यक्ति को घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस निष्पक्ष तरीके से जांच कर रही है और केवल उन्हीं लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है जो इस घटना में शामिल पाए जा रहे हैं। दोनों समुदायों के लोगों से बातचीत की जा रही है और शिकायत है कार्रवाई की जाएगी। -प्रतीक अग्रवाल, पुलिस अधिकारी

### तीन और आरोपी पकड़े

गांव बनियानी में होली के दिन हुए झगड़े में युवक विक्रम की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। जांच के दौरान पुलिस ने 12 मार्च 2026 को इस मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र रणधीर उर्फ सुंडु, रवि उर्फ चिया पुत्र सत्यवान और सिवा पुत्र रणधीर, निवासी गांव बनियानी के रूप में हुई है। मामले में पहले ही 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

करीब 5000 लोग प्रभावित, सोमवार तक व्यवस्था नहीं सुधरी तो धरना देंगे पार्षद

# किला मोहल्ला समेत चार इलाकों में पानी का संकट, एक माह से सूखे नल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

किला मोहल्ला क्षेत्र में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। किला मोहल्ला के ऊपरी इलाकों में पिछले करीब एक माह से पानी की सप्लाई बाधित है, जिससे दर्जनों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग पीने के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। पार्षद कपिल नागपाल का कहना है कि सोमवार तक पानी की समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह जनस्वास्थ्य विभाग के बाहर लोगों के साथ धरने पर बैठ जाएंगे। स्थानीय निवासियों के अनुसार किला मोहल्ला के ऊपरी हिस्से में पिछले तीन दिनों से बिल्कुल भी पानी नहीं आया है। इससे पहले भी लगातार सात दिनों तक पानी की सप्लाई बंद रही थी। इस कारण करीब 45 परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि कई बार विभाग में शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अब टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। उन्हें केवल इतना कहा जा रहा है कि पानी की सप्लाई संभव नहीं है और जरूरत होने पर टैंकर मंगवा लें। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता के अनुसार किला मोहल्ला का यह क्षेत्र अन्य इलाकों की तुलना में ऊंचाई पर स्थित है। इसी कारण यहां नियमित रूप से पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं पहुंच पाता और सप्लाई प्रभावित हो जाती है। विभाग को इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें मिल चुकी हैं और इसके समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।


### विभाग ने पाइपलाइन दबाने के लिए मांगी सुरक्षा

काम के दौरान कुछ स्थानीय लोगों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इसके चलते पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रभावित हो रहा है और समस्या का समाधान होने में देरी हो रही है। स्थिति को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने पुलिस को पत्र लिखकर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बिना किसी बाधा के कार्य को पूरा किया जा सके और लोगों को जल्द से जल्द पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके।

### बड़ी आबादी शुद्ध पेयजल को तरस रही

इस पानी संकट का असर केवल किला मोहल्ला तक सीमित नहीं है। किला मोहल्ला के अलावा पाडा मोहल्ला, बड़ा बाजार, बाबरा मोहल्ला और डेयरी मोहल्ला सहित आसपास के कई इलाकों में भी पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। इन क्षेत्रों में करीब 5000 से अधिक आबादी पेयजल संकट से प्रभावित बताई जा रही है।

### बढ़ रहा आर्थिक बोझ



पिछले एक महीने से पानी की समस्या बनी हुई है। कई बार ऐसा होता है कि तीन-चार दिन तक एक बूंद पानी नहीं आता। हमें बाहर से पानी मंगवाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

-कवल किशोर

### समाधान नहीं



टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने पर भी कोई ठोस समाधान नहीं मिल रहा। कई बार हमें यही जवाब मिलता है कि टैंकर मंगवा लो। अगर विभाग चाहे तो मोटर की क्षमता बढ़ाकर या अलग लाइन डालकर समस्या का समाधान कर सकता है।

-मयंक शर्मा

### काम प्रभावित



इस समस्या का सबसे ज्यादा असर घरों में काम संभालने वाली महिलाओं पर पड़ रहा है। पानी नहीं आने से सबसे ज्यादा परेशानी हमें होती है। सुबह से ही पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है। कई बार दूसरे मोहल्ले से पानी भरकर लाना पड़ता है, जिससे रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

-अनिता

### घरेलू कामों में हो रही परेशानी



छोटे बच्चों वाले घरों में पानी की दिक्कत और ज्यादा बढ़ जाती है। खाना बनाना, कपड़े धोना और सफाई करना सब मुश्किल हो जाता है। कई बार हमें रिश्तेदारों या पड़ोसियों से पानी मांगना पड़ता है।

-रितु किशोर

### सरकार आमजन को जल्द राहत दे


यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह लोगों के साथ आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को क्षेत्र के निवासियों के साथ जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ धरना दिया जाएगा, ताकि प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित हो और जल्द राहत मिल सके।

- कपिल नागपाल, पार्षद, वार्ड-7

सभी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से चलाएं

# अधिकारी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित करवाएं निपटारा : उपायुक्त

- सीएम विंडो व अन्य शिकायत पोर्टलों का नियमित अवलोकन करें विभागीय अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सीएम विंडो, समाधान शिविर, जनसंवाद आदि सभी शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का तुरंत उचित निपटारा करवाये। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालयों में अवकाश स्वीकृत करने के लिए इंट्रा हरियाणा शुरू करें तथा सभी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से चलाये। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से सीएम विंडो व अन्य शिकायत पोर्टलों का अवलोकन करें तथा इन पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई करें। सरकार द्वारा सभी पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

### अधिकारी शिकायतकर्ता से करें संवाद

डीसी ने कहा कि उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी शिकायत पोर्टलों का स्वयं अवलोकन करें तथा शिकायत प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की सबसे ज्यादा पुरानी शिकायतों का आज शुक्रवार को ही निपटारा करवाना सुनिश्चित करें। शिकायतों का निपटारा करवाते समय संबंधित नागरिक से भी संवाद करें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी विभागों के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समाधान शिविरों में स्वयं उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि इन शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों के निपटारे के लिए मौके पर ठोस कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, सुरेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रेनस्टॉर्मिंग कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मानसिक विकास से जुड़े सुझाव किए साझा

# एचडी पब्लिक स्कूल में 'हरिदास टैलेंट हंट' कार्यक्रम में विजेताओं को किया सम्मानित

- हर कक्षा से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थी किए पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर के प्रांगण में शुक्रवार को 'हरिदास टैलेंट हंट फेलिसिटेशन सेरेमनी' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 22 फरवरी को आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद्, मोटिवेशनल कोच और पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका अबरोल उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए विशेष 'ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन' का आयोजन किया, जिसमें प्रभावी अध्ययन तकनीकों और मानसिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रतिभा खोज परीक्षा में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को 1500 रुपये तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले मेधावियों को 1100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया।

### प्रोत्साहित किया

कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फौगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा फौगाट और प्राचार्य दुलाल देब ने सभी विजेता विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस टैलेंट हंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार हो सकें।

कॉएनोस अस्पताल में मिल रहा प्रभावी इलाज

# बढ़ रहा मौसमी संक्रमण, सावधानी व समय पर इलाज जरूरी: डॉ. एकल

**रोहतक।** मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के साथ सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, खांसी, गले में खराश और फ्लू जैसे मौसमी संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि इस समय लोगों को अपनी सेहत के प्रति अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। कॉएनोस अस्पताल, रोहतक के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एकल अरोड़ा ने लोगों से अपील की है कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। डॉ. एकल अरोड़ा के अनुसार मार्च के महीने में तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव, वातावरण में बढ़ती नमी और धूल के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है।

### डॉक्टर से करें संपर्क

डॉ. अरोड़ा ने बताया कि अधिकतर मामलों में मौसमी संक्रमण कुछ दिनों में ठीक हो जाता है, लेकिन बच्चों, बुजुर्गों और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों के लिए यह अधिक खतरनाक हो सकता है। अगर किसी व्यक्ति को लगातार तेज बुखार रहे, सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोहतक के कॉएनोस अस्पताल में मौसमी संक्रमण और फ्लू जैसी बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद है, जो मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान कर रही है। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके।

# जल संचय जनभागीदारी गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जल शक्ति अभियान के तहत चलाये जा रहे जल संचय-जनभागीदारी कार्यक्रम के संदर्भ में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों को जल संचय पोर्टल पर शीघ्र अपलोड करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्देश दिए गए है कि संबंधित विभाग इस पोर्टल पर जल संचय से संबंधित गतिविधियों का डेटा जल अपलोड करवाये। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में जल संचय-जन भागीदारी अभियान के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत केंद्र सरकार के जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से शुरू किये गए जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में जल संरक्षण के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए गंभीरता से कार्य करें। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी तनुमय दत्ता, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजीव राठी व हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा व संदीप सिंह बैठक में मौजूद रहे।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते मुख्य वक्ता मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान। फोटो : हरिभूमि

युवाओं को 15000 तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि

# छात्रों को दी पीएम विकसित भारत योजना की जानकारी

- रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सरकारी योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के रोजगार निदेशालय के तत्वावधान में शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ये दोनों योजनाएं युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं को फ्रेशर युवाओं को रोजगार देने पर प्रत्येक नई नियुक्ति के लिए प्रतिमाह 3000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### बीमा योजना का लाभ

राजेश सांगवान ने कहा कि इसके साथ ही नई नियुक्ति पाने वाले कर्मचारियों को भी 15000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के तहत देश की शीर्ष 500 कंपनियों में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, बीए और बीबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत निःशुल्क बीमा का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर आईटीआई रोहतक के प्रधानाचार्य राजपाल सहित सुनील, दीपक, अमित और अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# जमीन को लेकर बयानबाजी करने पर पूर्व गृहमंत्री सुभाष और विधायक बीबी बतरा को 50-50 लाख रुपये का नोटिस

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उंगली उठा रहे बतरा, माफी मांगे या कानूनी प्रक्रिया का सामना करें : कंपनी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा और विधायक बीबी बतरा को हरियाणा टेलिकॉम लिमिटेड कंपनी ने 50-50 लाख का नोटिस दिया है। नोटिस में कहा गया है कि एक सप्ताह में माफी मांगें या कानूनी प्रक्रिया का सामना करें। यह मामला आईएमटी के पास जमीन से जुड़ा हुआ है। इसे लेकर पूर्व गृहमंत्री ने कई आरोप लगाए थे। इनमें खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। यह भी आरोप है कि 300 करोड़ की कीमत की जमीन 25 करोड़ में खरीद ली। ऐसे ही कई आरोप लगाए थे। यह मामला विधायक बीबी बतरा ने भी विधानसभा में उठाया था। इस मामले को लेकर कंपनी डायरेक्टर नीलम सचदेवा ने पूर्व गृहमंत्री सुभाष बतरा और विधायक बीबी बतरा को नोटिस दिया गया है। नीलम सचदेवा ने बताया कि जिस जमीन (कंपनी) को लेकर गलत बयानबाजी की जा रही है वो जमीन और कंपनी कानूनी रूप से अप्रूव है। हरियाणा टेलिकॉम लिमिटेड कंपनी का प्लान सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर मंजूर हुआ है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सभी कागजात हमारे पास हैं, कानूनी प्रकिया पूरी है। बीबी बतरा ने तो विधानसभा में भी इस मामले को लेकर झूठ बोला है।

### 2020 में दिवालिया हुई कंपनी

डायरेक्टर के अनुसार आईएमटी के पास 20 एकड़ जमीन में हरियाणा टेलिकॉम कंपनी लिमिटेड स्थापित थी। 2020 में यह कंपनी दिवालिया घोषित हो गई। डायरेक्टर ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत अधिकारी ने बीड लगाई। इसके बाद हमने 25 करोड़ 14 लाख की बोली लगाई जो सबसे ज्यादा थी। 5 मार्च 2021 को विभाग ने आपत्ति लगाई कि प्लान गलत अप्रूव हुआ है, लेकिन 12 अप्रैल 2023 को एनसीएलटी कोर्ट ने प्लान अप्रूव कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट से केस जीते

डायरेक्टर ने बताया कि इसके बाद विभाग और आपत्ति दर्ज करने वाले लोग इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गए। यहां से सुप्रीम कोर्ट ने 2 जनवरी 2024 को इस मामले में स्टे लगा दया। मामले की सुनवाई हुई, पूरे सबूत और प्रक्रिया की जांच हुई तो पाया कि कंपनी पूरी वैध प्रक्रिया से खरीदी गई है। जांच होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल 2025 को हमारे हक में फैसला दिया। हमारे पास सभी कागजात हैं और सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी है।

### सभी विभागों ने कंपनी को दी एनओसी

नीलम सचदेवा ने ने बताया कि एनसीएलटी, एनसीएएलटी और सुप्रीम कोर्ट से केस हारने के बाद सभी विभागों ने कंपनी को एनओसी दी। कंपनी अधिकारियों ने बताया कि सुभाष बतरा कहते हैं कि जमीन का रेट ज्यादा है, लेकिन जिस समय यह कंपनी खरीदी गई, उस समय इस जगह यानी कंपनी की वेल्यू के हिसाब से ही रुपये जमीन खरीदी थी।

# रावमा विद्यालय पिलाना में विज्ञान विषय पर पोस्टर व मॉडल मेकिंग गतिविधियां



**कलानौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलाना में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर से चलाए जा रहे मार्गदर्शन और निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना था। गतिविधियों के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। पोस्टर और मॉडल के माध्यम से छात्रों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए पंडित नेकीराम कॉलेज, रोहतक से रसायन विज्ञान की सहायक प्राध्यापिका नीरज विशेष रूप से विद्यालय पहुंचीं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मंथन | उपायुक्त गुप्ता ने जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ की समीक्षा बैठक, दिए अहम दिशा-निर्देश

# जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक




**रोहतक।** लघु सचिवालय में विभिन्न शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुधार के लिए तीन प्रमुख पहल पर विशेष ध्यान देने को कहा। लघु सचिवालय में आयोजित मीटिंग में डीसी ने कहा कि जिला में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए तीन प्रमुख पहलों पर ध्यान दिया जाएगा। इन पहलों में सुरक्षित मातृत्व मिशन के तहत उच्च जोखिम गर्भधारण की निगरानी और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना, प्रथम 1000 दिन पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ पोषण सुधारना और कम वजन वाले जन्म को कम करना तथा हेल्दी रोहतक पहल के तहत जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की प्रारंभिक पहचान और दीर्घकालिक प्रबंधन करना शामिल है।

उपायुक्त ने कहा कि रोहतक ने कई स्वास्थ्य सूचकांकों में राज्य औसत की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति की है और आगे भी मातृ स्वास्थ्य, पोषण, रोग रोकथाम और शुरुआती पहचान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि जिला के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सूचकांकों में रोहतक का प्रदर्शन हरियाणा के औसत से बेहतर है, जो जिला में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को दर्शाता है। गुप्ता ने कहा कि रोहतक में नवजात मृत्यु दर लगभग 9.6 है, जबकि हरियाणा का औसत 19 है। इसी प्रकार शिशु मृत्यु दर जिला में लगभग 16.7 है, जबकि राज्य औसत 26 है। वहीं पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर लगभग 18.6 दर्ज की गई है, जो हरियाणा के औसत 30 से काफी कम है। उन्होंने कहा कि जिला में 16 से 21 मार्च तक विशेष टीकाकरण सप्ताह मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जिला में लगभग 95 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल किया जा चुका है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देश दिए कि शेष छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उनका पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला न्यायवादी सुरेंद्र पाहवा, उपसिविल सर्जन डॉ. सुशीला, डॉ. विश्वजीत, डॉ. अनीलजीत त्रेहान, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के अलावा स्वास्थ्य विभाग के डॉ. प्रीतेव सिंह, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. कपिल गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. नवदीप दांगी, डॉ. हेमेंत, डॉ. सत्यपाल, डॉ. जीडी शर्मा, डॉ. सुशीला, डॉ. श्रेया, डॉ. शिवानी, डॉ. अंजलि अरोड़ा, डॉ. डिंपल, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, सुरेश भारद्वाज, कुसुम, जयंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**एमडीयू का पोर्टल फेल, री-अपीयर के फॉर्म भरने में आ रही भारी दिक्कत**

# खाते से कट रहे पैसे, पोर्टल पर फीस नहीं हो रही अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) और उससे संबंधित कॉलेजों के हजारों छात्र इन दिनों री-अपीयर के फॉर्म भरने में भारी तकनीकी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल की सुस्त कार्यप्रणाली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। छात्रों का आरोप है कि फॉर्म भरते समय उनके बैंक खातों से पैसे तो कट रहे हैं, लेकिन पोर्टल पर फीस स्टेटस अभी भी अनपेड दिखा रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों का परेशान होना स्वाभाविक है।

### मेल का जवाब नहीं मिला : राहुल



गवर्नमेंट कॉलेज गोहाना के बीए छात्र राहुल ने बताया कि उन्होंने 10 मार्च को री-अपीयर का फॉर्म भरा था। अकाउंट से पैसे कट गए, लेकिन पोर्टल पर कोई अपडेट नहीं है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी को मेल भी किया, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला।

### एक बार पैसे कटने के बाद दोबारा फीस कहां से लाएं : रोहित



वहीं, एक अन्य छात्र रोहित ने बताया कि उन्होंने गुरुवार को अपनी और अपने दोस्त की फीस भरी थी। एक सेमेस्टर की फीस 1210 रुपये है। रोहित ने कहा, मेरे पिता मजदूरी करते हैं। एक बार पैसे कटने के बाद दोबारा फीस भरने के लिए पैसे कहां से लाएं। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि दोबारा फीस भरने पर पुराने पैसे वापस मिलेंगे या नहीं। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि पोर्टल की तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए और जिन छात्रों के पैसे कट चुके हैं, उनका स्टेटस जल्द से जल्द अपडेट किया जाए। साथ ही, मांग की गई है कि यदि समस्या हल नहीं होती, तो फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि कोई भी छात्र परीक्षा से वंचित न रहे।

### विवि प्रशासन की बड़ी विफलता : पिलाना



एसएफआई रोहतक के जिला सचिव अमित पिलाना ने इस स्थिति को विवि प्रशासन की बड़ी विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर साल छात्रों की फीस में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी तो कर देता है, लेकिन अपने तकनीकी बुनियादी ढांचे और पोर्टल प्रणाली को दुरुस्त करने पर ध्यान नहीं दे रहा।

### दिक्कत है तो जल्द करवाएंगे ठीक

एक बच्चे की समस्या मेरे संज्ञान में आई थी। उसको डारेक्टर कंप्यूटर सेंटर में भेज दिया था। अगर कुछ इस तरह की दिक्कत है तो उसको जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा। फीस भरने की अंतिम तिथि को बढ़ाने पर भी विचार किया जा सकता है।

-**प्रो. राहुल ऋषि,** परीक्षा नियंत्रक, एमडीयू

# पोस्टर मेकिंग में स्नेहा ने मारी बाजी

■ प्राचार्या इंदु सपरा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करतीं प्राचार्या इंदु सपरा।

राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल निर्देशन में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का विषय 'महिलाओं का अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान' रखा गया था।

छात्राओं ने पोस्टरों के जरिए यह दर्शाया कि महिलाएं आज के दौर में आर्थिक विकास में किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें समाज व अर्थव्यवस्था में महिलाओं की अहम भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या इंदु सपरा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग से डॉ. सुबोध और वाणिज्य विभाग से डॉ. कविता ने निभाई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के पोस्टरों का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश किरार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अलका, वाणिज्य विभाग की सदस्या डॉ. सुरक्षा, डॉ. सीमा तथा महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### ये रहे परिणाम

प्रतियोगिता के परिणामों में बीए. तृतीय वर्ष की छात्रा स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीकॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा नैंसी तीसरे स्थान पर रहीं। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

# रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा : स्वामी आर्यवेश

■ गांव टिटौली स्थित स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ आश्रम में चल रहा 19वां बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते मुख्य संयोजक बहन प्रवेश आर्या।

गांव टिटौली स्थित स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ आश्रम में चल रहे 19वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के नौवें दिन का कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं जनकल्याणकारी रहा। इस अवसर पर स्वामी इन्द्रवेश जी के 89वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में युवाओं एवं सन्यासियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जातिवाद और साम्प्रदायिकता की दीवारों को तोड़कर समाज में एकता, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करता है। रक्तदान शिविर में अनेक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज सेवा का संदेश दिया। जहां निंदाना के पिता पुत्र ने रक्तदान किया वहीं टिटोली के पिता पुत्री ने भी रक्तदान किया। महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर समाज को कुरीतियों से मुक्त बनाने का संकल्प लिया। यज्ञ के दौरान कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, अश्लीलता, धार्मिक अंधविश्वास तथा गौहत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए विशेष संकल्प लिया गया।

प्रख्यात विद्वान डॉ. कमल नारायण आर्य ने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह वातावरण की शुद्धि, मानसिक संतुलन और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है।

कलकत्ता से पधारे डॉ. कैलाश कर्मठ ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने भारत को सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक चेतना प्रदान की। उनके विचारों ने देश में स्वतंत्रता, स्वाभिमान और सामाजिक सुधार की भावना को जागृत किया।

कार्यक्रम मे अशोक आर्य, सज्जन राठी, प्रदीप कुमार, अजीतपाल, विवेकानंद शास्त्री, रामबीर आर्य, अजय आर्य, धर्मदेव वसिष्ठ, प्रिन्स टिटोली आदि का विशेष सहयोग रहा। सभी रक्तदान करने वालो को स्वामी आर्यवेश, स्वामी आदित्यवेश एवं बहन प्रवेश ने बैज लगाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति रहना चाहिए सजग : डॉ. स्वाति सिंह

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए तथा समय-समय पर आवश्यक चिकित्सकीय जांच अवश्य करवानी चाहिए। वे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) द्वारा शुक्रवार को आयोजित विमेंस हेल्थ एंड ऑक्यूपेशनल वेलनेस विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रही थीं। डॉ. स्वाति सिंह ने पेरिमेनोपॉज, मेनोपॉज, गर्भावस्था, मासिक धर्म संबंधी समस्याएँ, हार्मोनल संतुलन, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवन-शैली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सामान्य स्त्री रोग समस्याएं, यूरिन इन्फेक्शन (यूटीआई), एचपीवी वैक्सीन और नियमित जांच जैसे पैप स्मीयर टेस्ट की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज के समन्वयक डॉ. राजीव शर्मा के स्वागत संबोधन से हुई। इस दौरान विवि की गैर-शिक्षण महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अंत में सहायक समन्वयक डॉ. नितिन सिवाच ने आभार व्यक्त किया।

# नौजवान पीढ़ी को पारंपरिक संस्कारों का ज्ञान देने से आगे बढ़ेगा देशः प्रो.उपासना



■ प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने सभी अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय रोहतक में आईसीएसएसआर द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी के प्रथम दिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय भारतीय ज्ञान परम्परा का टीचर एजुकेशन में समावेशः 21वीं शताब्दी में अध्यापक की बदलती परिभाषा रहा। प्रो. उपासना एवं प्रो. शेफाली ने वैश्विक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा का आज की शैक्षिक व्यवस्था में समावेश का जोरदार समर्थन किया। शिक्षक शिक्षा में भारतीय पारंपरिक व्यवहार का समावेश भविष्य में ऐसे शिक्षकों का निर्माण करेगा जो प्राचीन भारत के संस्कारों को आधुनिकता से जोड़ स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। भारतीय सभ्यता की महानता, वेदों, पुराणों, उपनिषदों के संदेश हमारी शिक्षा को ओर ज्यादा मजबूत बनाएंगे। गुरुकुल परम्परा पर भी विस्तार से बात की गई। आज की नौजवान पीढ़ी को यदि पारंपरिक संस्कारों का ज्ञान दिया जाए तो भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने सभी अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। आशीष कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

# छात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्योग स्थापित कर आर्थिक रूप से बन सकते हैं आत्मनिर्भर : आरके सिंह

■ डीएलसीसुपवा में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला में पहुंचे मुख्य वक्ताओं के साथ सुपवा के फैकेल्टी मेंबर और छात्र। फोटो : हरिभूमि

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में डिजाइन डिपार्टमेंट के छात्रों को उद्यमिता एवं स्वरोजगार के टिप्स देने के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला लगाई गई।

कार्यशाला का आयोजन डिजाइन डिपार्टमेंट के इन्क्यूबेशन सेंटर की ओर से आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग डिपार्टमेंट के सेमीनार हॉल में किया गया। इस दौरान छात्रों के बीच आइडिया हंट भी कराया गया। कार्यशाला के दौरान माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) टेक्नोलॉजी सेंटर, रोहतक से आरके सिंह, प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग से इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ऑफिसर राहुल, शिवा गोयल एवं कंपनी के संस्थापक व डब्ल्यूसीए शिवा गोयल ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्योग स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कार्यशाला की शुरुआत में डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ अजय कौशिक ने सुपवा पहुंचे विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया।

# सीनियर महिला इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में नॉर्थ जोन ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ रोहतक की तनिषा ओहल्यान ने शानदार 90 रन की पारी खेली

सीनियर महिला इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन ने नॉर्थ ईस्ट जोन को 196 रनों से हराया। नॉर्थ जोन की ओर से खेलते हुए रोहतक व एमडीयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें तनिषा ओहल्यान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाए। वहीं सुमन गुलिया ने भी कसी हुई गेंदबाजी की। इसके अलावा उत्कृष्ट कीपिंग करते हुए प्रज्ञा रावत ने एक बल्लेबाज का स्टंप आउट किया। मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया।

### नोर्थ जोन ने 367 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

इस मैच में नॉर्थ जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 367 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। रोहतक की तनिषा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 88 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से और 102.77 के स्ट्राइक रेट के साथ 90 रन बनाए। इसके जवाब में नॉर्थ ईस्ट जोन की टीम 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना सकी और नॉर्थ जोन ने 196 रनों से मैच जीता। नॉर्थ जोन की ओर से एमडीयू की सुमन गुलिया कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में चार मेडन डालकर 26 रन दिए। हालांकि विकेट नहीं ले पाई।

**बच्चों के विकास का बनेगा माध्यम**

# कुलपति ने शिशु रोग विभाग का नया लोगो व स्टाम्प किया लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के शिशु रोग विभाग द्वारा तैयार किए गए विभाग के नए लोगो और स्टाम्प का शुक्रवार को कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने औपचारिक अनावरण किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल और उनकी टीम को बधाई देते हुए कुलपति ने इसे विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि शिशु रोग विभाग ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने लोगो की तुलना एक ऐसे पौधे से की, जिसकी जड़ मजबूत हो तो वह आगे चलकर बड़ा, हवादार और फलदार वृक्ष बनता है। उन्होंने कहा कि यह लोगो बच्चों की स्वस्थ वृद्धि और विकास का प्रतीक है तथा विभाग के चिकित्सकों की अपने मरीजों के प्रति समर्पित भावना को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि विभाग का अपना लोगो और स्टाम्प होना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली को एक नई पहचान मिलेगी और सेवाओं को और बेहतर बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। कार्यकारी निदेशक डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि संस्थान शिशु रोग विभाग के साथ मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF
SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

# राजरानी बत्रा की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**रोहतक।** हरि ओम सेवा दल द्वारा स्वर्गीय राज रानी बत्रा की पुण्य स्मृति में 14 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जाट कॉलेज के मुख्य द्वार, दिल्ली रोड पर लगाया जाएगा। संस्था की ओर से शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है।संस्था संचालक विजय खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान शिविर मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, अज्ञात मरीजों तथा थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अक्सर रक्त की कमी हो जाती है, जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को संस्था की ओर से उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ना है।

Job Vacancy
Gulmarg Ice Cream
Delhi Bypass Road, Rohtak
- Helper
- Driver
- Sales & Marketing (2-Wheeler Compulsory)
- Clerk
8901084350, 9416087350

# हाईकोर्ट बार काउंसिल चुनाव 18 को, तैयारी पूरी

रोहतक। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि 18 मार्च को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की बार काउंसिल के चुनाव के लिए सभी प्रबंध कर लिये गए हैं। जिला में इस चुनाव के लिए 6 मतदान केंद्र बनाये गए हैं तथा जिला में 4166 मतदाता दर्ज हैं। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की बार काउंसिल के चुनाव के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दे रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए श्री निवासन ने उपायुक्त से बार काउंसिल के चुनाव के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल के चुनाव के लिए मंडल आयुक्त के ओएसडी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### छह मतदान केंद्र स्थापित

डीसी ने कहा कि जिला में चुनाव स्टाफ को प्रथम प्रशिक्षण दिलवाया जा चुका है तथा द्वितीय प्रशिक्षण 17 मार्च को दिलवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय न्यायिक परिसर में इस चुनाव के लिए 6 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा 6 मतदान पार्टियां तथा दो आरक्षित पार्टियां गठित की गई है। चुनाव शांतिपूर्वक व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

# कांशीराम जयंती पर हुआ चर्चा कार्यक्रम



**रोहतक।** मिशन इक्वैलिटी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (मीसो) द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में कांशीराम की जयंती के अवसर पर एक विचार-चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन, बहुजन समाज को संगठित करने में उनके योगदान तथा ओबीसी समुदाय के अधिकारों के लिए उनके प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही मंडल आयोग की सिफारिशों और ओबीसी आरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस चर्चा में नेकीराम कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और अपने विचार साझा किए।

मार्केट न्यूज

## तनिष्क रोहतक ने मनाया नारी शक्ति का उत्सवः गरिमा और सम्मान के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित



**रोहतक।** शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी स्टोर 'तनिष्क' द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज और कार्यस्थल पर महिलाओं की अद्वितीय भूमिका को रेखांकित करना और उनके संघर्ष व सफलता को सलाम करना रहा।
**विविध गतिविधियों से गूंजा परिसरः** समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और महिला शक्ति के सम्मान में दिए गए संदेशों के साथ हुई। कार्यक्रम को जीवंत बनाने के लिए टीम के सदस्यों हेतु टंबोला और पिलो पासिंग जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने न केवल टीम के बीच आपसी तालमेल बढ़ाया, बल्कि पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया। **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मनः** इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक सत्र में नृत्य, गायन और कविताओं के माध्यम से महिलाओं की संवेदनशीलता और अदम्य साहस को प्रस्तुत किया गया। स्नारी केवल शक्ति ही नहीं, बल्कि धैर्य और प्रेम की प्रतिमूर्ति भी है। इन्ही विचारों के साथ टीम के सदस्यों ने समाज में समानता और सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। **सम्मान और सौहार्द का संदेशः** कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्टोर प्रबंधन द्वारा सभी महिला कर्मियों को गुलाब के फूल भेंट किए गए, जो आपसी प्रेम और सकारात्मकता का प्रतीक बने।

## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- निगम की तरफ से स्वच्छता जागरूकता अभियान सुबह 11 बजे

## खबर संक्षेप

### बहलबा में घर के बाहर से ओमनी वैन चोरी

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा से एक ओमनी वैन चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बहलबा के पाना पानड़ी निवासी कुलदीप ने बताया कि रात को सवा दस बजे उसने अपनी ओमनी वैन घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह चार बजे जब वह जागा तो घर के बाहर उसकी गाड़ी वहां पर नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी गाड़ी चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ग्रेनेडियर्स एसोसिएशन की बैठक 15 मार्च को

**रोहतक।** ग्रेनेडियर्स एसोसिएशन के पूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक 15 मार्च को सुबह 10 बजे हरियाणा एक्स-सर्विस लीग के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता लीग के प्रधान तथा मेजर एच. कसाहू करेंगे। बैठक में एसोसिएशन के सचिव द्वारा सरकार द्वारा संचालित पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही यदि किसी पूर्व सैनिक को कोई समस्या है तो वह अपने मुद्दे अध्यक्ष के समक्ष रख सकता है, ताकि उसके समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जा सके।

### नपा चुनाव : दावेदार 16 तक डीसी से करें अपील

**रोहतक।** नगर पालिका सांपला के प्रस्तावित आम चुनाव की वार्ड अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन गत 28 फरवरी को किया जा चुका है। इसके उपरांत गत 7 मार्च तक नगर निकाय की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों में दावे व आपत्तियां रिवाइजिंग अथॉरिटी के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे, जिनका निपटारा गत 12 मार्च तक करवा दिया गया है। रिवाइजिंग अथॉरिटी के आदेशों से असहमत दावेदार 16 मार्च तक उपायुक्त के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं।


### माता दरवाजा, सेक्टर-4 और देव कॉलोनी में कार्रवाई, ओवरलोड से उड़ रहे ट्रांसफार्मर के फ्यूज

# बिजली चोरी पर निगम का एक्शन देर रात छापेमारी में 8 मामले पकड़े

**उपभोक्ताओं पर 2 लाख का जुर्माना लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में लगातार बढ़ रही बिजली चोरी और ओवरलोड की समस्या को देखते हुए बिजली निगम ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में बिजली निगम की चार टीमों ने देर रात शहर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान माता दरवाजा, सेक्टर-4 और देव कॉलोनी क्षेत्रों में जांच करते हुए बिजली चोरी के कुल 8 मामले पकड़े गए। निगम की टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधित उपभोक्ताओं पर करीब 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि इन इलाकों में पिछले कुछ समय से ट्रांसफार्मरों पर अत्यधिक लोड की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कई बार ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं सामने आ रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम के अधिकारियों ने जांच के आदेश दिए और देर रात छापेमारी का अभियान चलाया गया। बिजली निगम ने इस अभियान के लिए चार अलग-अलग टीमों का गठन किया था। इन टीमों को माता दरवाजा, सेक्टर-4 और देव कॉलोनी जैसे संवेदनशील इलाकों में भेजा गया। टीमों ने देर रात घर-घर जाकर बिजली मीटरों की जांच की और लोड की स्थिति का आकलन किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर बिजली चोरी के मामले सामने आए। कुछ उपभोक्ता बिना मीटर के सीधे लाइन से बिजली लेते पाए गए, जबकि कुछ जगहों पर मीटर के साथ छेड़छाड़ कर अधिक लोड चलाया जा रहा था। इन सभी मामलों को दर्ज करते हुए संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया।



#### इसलिए आ रही परेशानी

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार इन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों पर लगातार ओवरलोड की समस्या सामने आ रही थी। कई बार अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती थी और जांच करने पर पता चलता था कि ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब ट्रांसफार्मर पर निर्धारित क्षमता से ज्यादा लोड पड़ता है तो फ्यूज उड़ने की समस्या बढ़ जाती है। इसके कारण आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को दूर करने के लिए निगम ने विशेष जांच अभियान चलाया और उन उपभोक्ताओं की पहचान की, जो निर्धारित सीमा से अधिक बिजली का उपयोग कर रहे थे या अवैध तरीके से बिजली ले रहे थे।

#### मीटर चेक कर लगाया जुर्माना

छापेमारी के दौरान टीमों ने घरों और दुकानों में लगे बिजली मीटरों की बारीकी से जांच की। जिन स्थानों पर मीटर में गड़बड़ी या ओवरलोड की स्थिति पाई गई, वहां तुरंत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। अधिकारियों के अनुसार कुल 8 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी और ओवरलोड के मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी पर मिलाकर करीब 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

#### आगे भी जारी रहेगा अभियान

बिजली निगम के अधिकारियों ने साफ किया है कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम द्वारा आगे भी इसी तरह के छापेमारी अभियान चलाए जाएंगे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली का उपयोग नियमों के अनुसार करें और अवैध कनेक्शन या मीटर से छेड़छाड़ करने से बचें। यदि किसी इलाके में बिजली चोरी की सूचना मिलती है तो वहां तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कूड़ा जलाने व सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले दुकानदारों के काटे चालान

- नगर निगम की टीम ने शहर में चलाया विशेष अभियान, 7 चालानों से वसूले 7200 रुपये



**रोहतक।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में निरीक्षण कर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने और कूड़े में आग लगाने वालों के मौके पर ही चालान किए गए। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 7 चालान किए गए, जिनसे 7200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें कूड़े में आग लगाने पर 5000 रुपये का एक चालान, सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के तीन चालान 1500 रुपये के और गंदगी फैलाने वालों के तीन चालान 700 रुपये के किए गए। खुले में कूड़ा फेंकना और कूड़े में आग लगाना न केवल स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे पर्यावरण और आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऐसे मामलों में सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की टीम द्वारा कूड़ा उठाने वाले वाहनों के साथ विशेष डोर-टू-डोर सोर्स सेग्रीगेशन अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



रोहतक। परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## 495 छात्रों ने दी 12वीं समाजशास्त्र की परीक्षा

- एचबीएसई : विद्यार्थी बोले, पेपर में पूछे कठिन सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शुक्रवार को 12वीं कक्षा की समाजशास्त्र एवं उद्यमिता विषयों की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा में 506 विद्यार्थियों में से 495 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 11 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह उद्यमिता विषय के सभी 8 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। विद्यार्थियों ने बताया कि समाजशास्त्र का पेपर कठिन आया हुआ था। पेपर में समय अनुसार करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मास मीडिया व समाजशास्त्र के बारे में प्रश्न पूछे गए थे। पेपर में नातेदारी, वस्तुकरण, सांप्रदायिकता पर भी प्रश्न पूछे गए थे।

#### बोर्ड परीक्षाओं के लिए पुख्ता प्रबंध

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडनदस्ते गठित किये गए है तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 01262-271871 है। नियंत्रण कक्ष में प्राचार्य स्तर के अधिकारी व अन्य स्टाफ तैनात किया गया है।

**अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज**

## भराण में हवाई फायर से बाल बाल-बचा 12 साल का लड़का

- गोली 12 साल के एक बालक को छूकर आंगन में गिर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम थाना क्षेत्र के गांव भराण में हवाई फायर के दौरान एक गोली एक घर में जा घुसी। गोली 12 साल के एक बालक को छूकर आंगन में गिर गई। इस संबंध में बालक के पिता ने महम थाने में शिकायत दी है।

पुलिस को दी शिकायत में भराण गांव निवासी संदीप पुत्र ईश्वर सिंह ने बताया कि वे दो भाई संयुक्त परिवार में रहते हैं। परिवार में उसका एक 12 साल का बेटा है, जिसका नाम आयुष है। शाम को 7 बजकर 20 मिनट पर परिवार के सदस्य आंगन में बैठे हुए थे। उसका लड़का खाना खाकर रसोई के बाहर वॉशबेसन पर हाथ धो रहा था फिर उसका बेटा बोला की उसके सिर में कुछ लगा है।

#### चोर ने हवाई फायर भी किया

इस दौरान ईश्वर सिंह के बेटे आयुष ने कहा कि उसके सिर में कुछ लगा है। उन्होंने देखा कि एक फाइबर का टूकड़ा और पिस्तोल अथवा बंदूक की गोली का सिक्का फर्श पर पड़ा था। आयुष के सिर को चैक किया गया तो उसके सिर में चोट का निशान नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने हवाई फायर कर दिया और उसकी गोली उनके घर तक पहुंच गई। जिसमें उसका बेटा बाल बाल बच गया। गोली का सिक्का घर में देखते ही इसकी सूचना पुलिस की 112 नंबर सेवा पर दी गई थी। 112 नंबर सेवा के साथ पुलिसकर्मी माके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है कि हवाई फायर किसने किया था।

### चिड़ी गांव में रास्ता रोक कर एक व्यक्ति को पीटा

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी में एक व्यक्ति को बीच रास्ते लाठी डंडों से पीटा गया। पुलिस को दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी कृष्ण पुत्र उमेद सिंह ने बताया कि शाम को सवा पांच बजे वह अपने खेत से नांदल चिड़ी रोड पर जा रहा था। जब वह तेजा पुत्र प्यारेलाल के खेत के पास पहुंचा तो चिड़ी गांव की ओर से एक सफेद रंग की कार आई। इस कार में से तीन लड़के नीचे उतरे और एक लड़का गाड़ी में ही ड्राइविंग सीट पर बैठा रहा। तीनों लड़कों ने उसको रास्ता रोककर डंडों से काफी चोटें मारी। इनमें एक लड़क बहु अकबरपुर गांव का मंजीत पुत्र जयपाल था। वह अन्य तीन लड़कों के नाम नहीं जानता। अधिक चोट लगने से वह वहीं सड़क पर गिर गया।

## एमडीयू विधि विभाग में सफाई कर्मियों को दी कानूनी परामर्श व प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग विभाग के सेमिनार हॉल में सफाई कर्मियों को कानूनी परामर्श एवं प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन विषय पर विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम विभाग की लीगल एड क्लिनिक के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें करीब 20 प्रतिभागियों के साथ संकाय सदस्य एवं विधि के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन रोहतक के अधिवक्ता शशि कांत सहगल और अधिवक्ता स्नेह लता ने विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा उससे संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने श्रम कानून, उपभोक्ता अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

#### लीगल एड शिविर में छात्रों को किया जागरूक

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी कानूनी समस्याएं भी साझा कीं, जिन पर अधिवक्ताओं ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल ने लीगल एड क्लिनिक के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। लीगल एड क्लिनिक की निदेशक प्रो. अनुसूया यादव ने शिविर के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए सफाई कर्मियों एवं आमजन में कानूनी जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्र समन्वयक मानवी ने किया। इस दौरान लीगल एड क्लिनिक के उपनिदेशक डॉ. राहुल यादव, संकाय सदस्य डॉ. रेखा रानी, डॉ. अश्वनी एवं डॉ. जयदेव सहित अनेक विधि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 'काइंडनेस इन अ पॉट' कार्यक्रम से आवारा पशु-पक्षियों के प्रति जगाई संवेदनशीलता

**रोहतक।** मदवि के आईएमएसएआर में सीएसआर क्लब होप सेतु के तत्वावधान में शुक्रवार को काइंडनेस इन अ पॉट नामक एक अनूठा एवं संवेदनशील कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आवारा पशु-पक्षियों के प्रति दया और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों ने रचनात्मक तरीके से गमलों को सजाया, जिन्हें बाद में परिसर के विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर रखकर पशु-पक्षियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था की गई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में पशु कल्याण के प्रति जागरूकता को रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से बढ़ावा मिला। प्रतियोगिता में कुल 23 टीमों (प्रत्येक टीम में अधिकतम दो छात्र) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के साथ पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## महिलाओं को स्वच्छता बनाए रखने और दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए किया जागरूक

- वार्ड-18 व गांव पहरावर में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा नारी लीड्स स्वच्छता वीक के अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय से आई.ई.सी. एक्सपर्ट आषीष कुमार, सलाहकार सलिल मेहता, मुस्कान व ज्योति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता एवं प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड-18 में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए एक प्रषिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं और अपने समूह की गतिविधियों को आगे बढ़ा सकती हैं। महिलाओं को अपने आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश फैलाने तथा नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त गांव पहरावर में महिलाओं के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूकत हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं को गोबर से दीये तथा उपले बनाने के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को स्वच्छता के साथ-साथ आय के नए अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रषिक्षण के दौरान महिलाओं को घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी भी दी गई तथा जैविक कचरे से खाद (कम्पोस्ट) तैयार कर उसे पौधों के लिए उपयोग में लाने के बारे अवगत करवाया गया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना समाजसेवा की भावना को करती है मजबूत : डॉ. राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। समापन समारोह मे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के एनएसएस सेल से कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सविता राठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना समाजसेवा की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि प्रत्येक वालंटियर कई युवाओं को सशक्त बनाने का संकल्प ले। उन्होंने एनएसएस के महत्व और विभिन्न पुरस्कारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एकजुटता से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। प्राचार्य डॉ. जोगेन्द्र सिंह दहिया व कार्यक्रम अधिकारीगण ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक महक और मोनिका ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं अक्षिका, निशांत और जतिन मलिक द्वारा शिविर की गतिविधियों पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंटरी भी प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महक और मनीषा ने हरियाणवी नृत्य तथा अक्षिका और खुशबू ने पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।



रोहतक। विद्यार्थी को सम्मानित करते डॉ. सविता राठी व प्राचार्य डॉ. जोगेन्द्र सिंह दहिया।

### 1.64 करोड़ की लागत से बनेगी उखड़ी सड़क, यातायात होगा सुगम

# आठ साल बाद बदलेगी दिल्ली बाइपास फ्लाईओवर के आगे की तस्वीर

**हरिभूमि इंपैक्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब आठ साल से बदहाल पड़ी दिल्ली बाईपास फ्लाईओवर से आगे की सड़क अब आखिरकार बनने जा रही है। लंबे समय से उखड़ी हुई इस सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा।

अब नगर निगम ने इस समस्या का समाधान करते हुए लगभग 1 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा दिल्ली बाईपास फ्लाईओवर से करीब 1400 मीटर आगे तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। फिलहाल निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है और सड़क पर निर्माण सामग्री डालने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस सड़क के निर्माण के दौरान विशेष ध्यान सड़क के लेवल पर दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में यहां जलभराव की समस्या न हो। शहर की ओर प्रवेश करने वाली इस सड़क का लेवल दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क के लेवल के अनुसार ही तैयार किया जाएगा। इससे बारिश के समय पानी सड़क पर जमा नहीं होगा और वाहनों की आवाजाही भी सुचारु बनी रहेगी। साथ ही सड़क के किनारे नाले की व्यवस्था की जाएगी, जिससे बारिश का पानी आसानी से बाहर निकल सके।



**कई वर्षों से सड़क की हालात दयनीय**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से इस सड़क की हालत बेहद खराब थी। जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के मौसम में हालात और भी ज्यादा खराब हो जाते थे, क्योंकि सड़क पर पानी भर जाता था और कई बार दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था।

#### निर्माण कार्य शुरू होने के बाद मिली लोगों को राहत

अब निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में राहत की भावना देखने को मिल रही है। लोगों को उम्मीद है कि सड़क बनने के बाद उन्हें रोजाना होने वाली परेशानी से छुटकारा मिलेगा और यातायात भी सुगम हो जाएगा। सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि लोगों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधा मिल सके। निर्माण के दौरान गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।

#### बारिश से पहले सड़क का निर्माण होगा पूरा

बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा। लगभग 1 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह बाबा मस्तनाथ मंदिर के आगे तक 1400 मीटर की सड़क है।

-आनंद शर्मा, आयुक्त, नगर निगम